सरयू राय

सदस्य
झारखण्ड विधान सभा
सभापति
प्रत्यायुक्त विधान समिति

आवास :
● एफ. टाईप, आवास सं०-1, ए.जी. मोड़,
डोरण्डा, राँची - 834002
मोबाईल नं. : 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक : 146/JSR/26 दिनांक : 30/01/2026

उप नगर आयुक्त,
मानगो नगर निगम,
जमशेदपुर।

संलग्न तस्वीर आज के दैनिक भास्कर में छपी है. तस्वीर मानगो के आजाद नगर इलाके में फैले कचरा के ढेर की है. इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यहां का सफाई ठेकेदार कौन है? यह इलाका सफाई ठेकेदार बबुआ झा का है जिसे मानगो नगर निगम ने सफाई के लिए नियुक्त किया है. बबुआ झा मेयर पति होने की अभिलाषा पाले हुए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के खासमखास हैं. इस पूरे इलाका में सफाई काम का औचक निरीक्षण मैंने एक माह पूर्व मानगो नगर निगम के सुपरवाइजरों की उपस्थिति में किया था. 50 की जगह 15 सफाई कर्मी पाए गए थे. परंतु इस ठेकेदार पर कोई दंडात्मक कारवाई नहीं हुई. संलग्न तस्वीर बताती है कि इस ठेकेदार का रवैया अब भी पहले जैसा ही है. काम में कोताही करने इनपर कारवाई अवश्य होनी चाहिए.

कदमा में गंदगी की ऐसी ही तस्वीर लेकर दो दिन पहले इन्होंने मुझपर आरोप लगाया था कि इस इलाके के सफाई ठेकेदार जदयू के नेता हैं जिन्हे मेरा संरक्षण प्राप्त है. जबकि यह ठेकेदार मेरे जदयू में शामिल होने के 6 साल से पहले से झारखंड जदयू के प्रदेश महामंत्री हैं. जब बन्ना गुप्ता मंत्री थे उसी समय इन्होंने साक्ची बस स्टैंड स्थित जेएनएसी के होटल को चलाने का काम लिया जो अभी भी इनके पास है. उन्हें यह काम कैसे मिला इसे आप बेहतर जानते हैं.

इस ठेकेदार को जब मेरे विधानसभा क्षेत्र में सफाई का काम मिला तब मैंने इन्हें चेताया था और आपको भी बताया कि इनके काम में कमी होने पर कारवाई होगी. जदयू नेता होने के कारण इनके साथ कोई मरउअत नहीं होनी चाहिए. इसके बाद एक दिन ये मेरे पास आए और कहा कि बन्ना गुप्ता जी मुझसे 12 मजदूर अपने लिए मांग रहे हैं और कह रहे हैं कि जुस्को और जेएनएसी दोनों ही उन्हें पहले से सफाई के नाम पर मजदूर देते रहे हैं. उन्होंने बन्ना गुप्ता जी को 12 मजदूर दिया या नहीं यह तो मुझे नहीं पता, पर इतना जरूर पता है कि जब श्री बन्ना गुप्ता विधायक एवं मंत्री थे तब जुस्को द्वारा 30 मजदूर रोजाना इनके आवास के लिए आवंटित थे. जैसे ही श्री बन्ना गुप्ता को हराकर मैं इस क्षेत्र से विधायक बना जुस्को ने इन मजदूरों को हटा लिया.

संलग्न तस्वीर से स्पष्ट है कि मानगो आजाद नगर में निगम द्वारा सफाई के लिए नियुक्त ठेकेदार बबुआ झा एवं इनके सहकर्मी जानबूझकर ठीक से सफाई नहीं कर रहे हैं और निर्धारित संख्या से काफी कम मजदूर सफाई कार्य में लगाकर निगम के निधि का दुरूपयोग कर रहे हैं और नागरिकों को बदबूदार गंदगी झेलने पर विवश कर रहे हैं. इसके लिये इनके विरुद्ध कारवाई किया जाय और इन्हेंध इनकी फर्म को काली सूची में डाला जाए.

अनुरोध है कि उपर्युक्त विवरण के आलोक में आप शीघ्र आवश्यक कारवाई करेंगे.

सधन्यवाद,
संलग्न : यथोक्त

भवदीय
सरयू राय